**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में अन्तरिक्ष विज्ञान की गतिविधियों पर प्रदर्शनी का आयोजन

विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय तथा कैम्पस स्कूल पन्तनगर के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद (इसरो अहमदाबाद) द्वारा प्रायोजित त्रि–दिवसीय 13 से 15 दिसम्बर 2023 तक अन्तरिक्ष विज्ञान की गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में वैज्ञानिकों के साथ प्रश्नोत्तर के माध्यम से वार्ता, वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान, श्रव्य–दृश्य आधारित गतिविधियाँ, राकेट लॉचिंग मॉडल, 'इसरो ऑन व्हील' बस तथा अन्तरिक्ष विज्ञान सम्बन्धी प्रदर्शनी आदि सम्मिलित है। जनपद उधमसिंह नगर के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6 से 12 तक के छात्र–छात्राओं को उनके प्रधानाचार्यों के माध्यम से आमंत्रित किया गया है।

प्रथम दिन को विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जायेगा, तत्पश्चात् परिसर में स्थित कैम्पस स्कूल, पन्तनगर इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, बालनिलयम, शिशु मन्दिर, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगला में अध्ययनरत कक्षा 6 से ऊपर के सभी छात्र–छात्राओं को शिक्षक–शिक्षिकाओं सहित वैज्ञानिक गतिविधियों सम्बन्धित ज्ञानवर्धन हेतु आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन के उपरान्त परिसर स्थित 'बालनिलयम' में राजभाषा प्रचार–प्रसार समिति इसरो द्वारा एक विशेष हिन्दी प्रचार–प्रसार कार्यक्रम (एच.पी.पी.पी.) कार्यक्रम निश्चित किया है। उक्त कार्यक्रम में हिन्दी में भाषण प्रतियोगिता, मॉडल प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता आदि होगी। उत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्रा को पारितोषिक/प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। इस प्रतियोगिता में परिसर स्थित लगभग 200 छात्र/छात्रायें प्रतिभागी होंगे। द्वितीय दिवस को उधमसिंह नगर तथा आस–पास के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं के भ्रमण हेतु निर्धारित किया गया है। तृतीय दिवस को पूर्वान्ह में विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं के भ्रमण के लिए सुनिश्चित किया गया है तथा अपराह्न में प्रदर्शनी का समापन कार्यक्रम होगा। प्रथम दो दिन 13 एवं 14 दिसम्बर को सायंकाल 5:00 बजे से 7:00 बजे तक विश्वविद्यालय के परिसरवासियों को परिवार सहित आमंत्रित किया गया है। प्रदर्शनी का आयोजन कैम्पस स्कूल पन्तनगर में किया जा रहा है।

**निदेशक संचार**